# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–29 दिसम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर शहर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में विधायक खेल स्पर्धा–दो हजार पचीस के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमारा युवा खेलेगा तभी देश खिलेगा और 'विकसित भारत' की परिकल्पना को साकार करने का रास्ता प्रारंभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में यह प्रतियोगिता दो स्तरों पर आयोजित की जाएगी।

**अगली बार से ये प्रतियोगिता पहले नगरीय क्षेत्र में हम दो स्तर पर करेंगे, स्कूल स्तर पर भी और वार्ड स्तर पर भी स्कूली बच्चों के लिये चाहे वह बेसिक के हों, माध्यमिक के हों या उच्चशिक्षा के या विश्वविद्यालय के इनकी तीन चरणों में तीन प्रकार की प्रतियोगिताएं बालक और बालिकाओं में अलग–अलग खेल की प्रतियोगिताओं को तो हम सम्पन्न करेंगे ही, सम्पन्न करने के साथ वार्ड स्तर पर भी कामकाजी लोगों के लिये और जो अवकाश प्राप्त हो चुके हैं उनके लिये भी कुछ खेल–कूद की प्रतियोगिताओं को हम आयोजित करेंगे।**

मुख्यमंत्री ने आज सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में आए लोगों की फरियाद सुन कर अधिकारियों को प्रभावी निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक कर लोक मंगल की भी कामना की।

**********

अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का आयोजन आगामी उन्नीस जनवरी से इक्कीस जनवरी तक लखनऊ स्थित उत्तर प्रदेश विधान भवन में होगा। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि सत्र का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला करेंगे।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने आज दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें भाजपा से निष्कासित नेता कुलदीप सिंह सेंगर को दो हजार सत्रह के उन्नाव दुष्कर्म मामले में दी गई आजीवन कारावास की सजा निलंबित कर दी गई थी। न्यायालय ने यह सुनिश्चित किया कि वह जेल में ही रहेगा। एक रिपोर्ट–

**न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अध्यक्षता वाली पीठ ने कुलदीप सिंह सेंगर को नोटिस जारी कर सीबीआई की उस याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती दी गई है। सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाने का आग्रह किया। पीठ ने कहा कि वह इस मामले की जांच करेगी क्योंकि यह मामला विचार करने योग्य है। पीठ ने कहा कि सेंगर को हिरासत से रिहा नहीं किया जाएगा। इस मामले में कानून के महत्वपूर्ण प्रश्न विचारणीय हैं और मामले की सुनवाई चार सप्ताह बाद के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले, उच्च न्यायालय ने उन्नाव दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सेंगर की सजा को निलंबित कर दिया था, समाचार कक्ष से निखिल कुमार।**

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली पहाड़ियों और अरावली पर्वत श्रृंखला की परिभाषा पर बीस नवंबर को जारी अपने आदेश पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी तथा ए.जी. मसीह की अवकाश पीठ ने अरावली की परिभाषा के संबंध में जांच किए जाने वाले मुद्दों के परीक्षण के लिए एक नई विशेषज्ञ समिति गठित करने का भी आदेश दिया है।

**********

विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के तहत अधिकांश राज्यों को पिछले सात वर्षों के औसत आवंटन की तुलना में सत्रह हजार करोड़ रुपये अधिक आवंटित होने की संभावना है। भारतीय स्टेट बैंक की एक शोध रिपोर्ट के अनुसार अधिनियम से राज्यों को समग्र धन वितरण में सुधार होगा। एक रिपोर्ट–

**भारतीय स्टेट बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार विकसित भारत जी राम जी अधिनियम का उद्देश्य परिवर्तनकारी पद्धतियों और रणनीतियों को एकीकृत करना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके माध्यम से प्रतिस्पर्धी परियोजनाओं की पहचान, उत्पादक संपत्ति निर्माण, अधिक आय सृजन और एक कुशल निगरानी तंत्र से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बैंक के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम का उद्देश्य सभी स्तरों पर रोजगार सृजन, पारदर्शिता, नियोजन और जवाबदेही को सुदृढ़ करते हुए संरचनात्मक कमजोरियों को दूर करना है। अंकित कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ को लेकर कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में वहां आज से पंच दिवसीय संगीतमय श्रीराम चरितमानस पाठ का शुभारम्भ हुआ। प्रतिष्ठा द्वादशी का मुख्य आयोजन इकतीस दिसंबर को होगा जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी हिस्से में आगामी दो दिनों तक घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही विभाग द्वारा कड़ाके की ठंड की भी चेतावनी दी गयी है। इस बीच, ठंड और कोहरे के कारण प्रदेश के सभी जिलों के स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है।

**********